पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री</u>

लखनऊः 17 फरवरी, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचारिक भेंट की। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से 21 एवं 22 फरवरी, 2018 को लखनऊ के इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाले 'इन्वेस्टर्स समिट' की तैयारियों के संबंध में भी चर्चा की। 'इन्वेस्टर्स समिट' का उद्घाटन 21 फरवरी, 2018 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तथा समापन 22 फरवरी, 2018 को राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद द्वारा किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री आज राजभवन में आयोजित प्रादेशिक पुष्प प्रदर्शनी के उद्घाटन के लिए राजभवन आए थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (70/23)